
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# ई रिक्शा वालों की हड़ताल पर हस्तक्षेप करने की मांग

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**मांग**

**संवाददाता**

देहरादून। ई रिक्शा, आंगनबाड़ी कार्यकार्तियों, संविधान बचाओ कार्यकर्ताओं व शीशमबाड़ा ट्रेंचिंग ग्राउंड पर विस्तार से की चर्चा। आज प्रातः कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से सीएम आवास में मिला। प्रीतम सिंह ने मुख्यमंत्री से देहरादून में चल रही ई रिक्शा वालों की हड़ताल पर हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहा कि पिछले छह माह से देहरादून पुलिस प्रशासन ने ई रिक्शा का संचालन शहर के सभी मुख्य मार्गों में प्रतिबंधित किया हुआ है जिसके कारण ई रिक्शा चालकों के घरों में भुखमरी की नोबत आयी हुई है और ई रिक्शा के लिए जिन लोगों ने ऋण लिया हुआ है उनकी किश्तों की अदायगी न होने के कारण उनकी वसूली के नोटिस आने लगे हैं जिसके कारण कल परेशान हो कर ई रिक्शा वाले ने अपने रिक्शा में आग लगा दी। प्रतिनिधिमंडल ने



कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुए।

मुख्यमंत्री को कहा कि ऐसा न हो कि क्षुब्ध हो कर कोई आत्मघाती कदम उठा ले। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आंगनवाड़ी कार्यकार्तियों के आंदोलन का समाधान निकालने की मांग की।

प्रीतम सिंह ने सीएम से कहा कि सरकार को आंगनबाड़ी के मामले में उनकी जायज मांगों को मान कर आंदोलन समाप्त करना चाहिए। प्रीतम सिंह ने मुख्यमंत्री से पिछले आठ दिनों से परेड ग्राउंड में संविधान बचाओ के कार्यकर्ताओं से बातचीत कर उन्हें राज्य सरकार की ओर से आश्वस्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को राज्य के अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को आश्वस्त करना चाहिए कि वे और उनके हित उत्तराखंड में सुरक्षित हैं। प्रीतम सिंह ने मुख्यमंत्री से शिशमबाड़ा के ट्रेंचिंग ग्राउंड से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली परेशानियों के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया कि आईएसबीटी मार्ग पर डंम्पिंग जोन बना हैं उसके कारण क्षेत्र में गन्दगी के कारण बीमारियों का खतरा बना हुआा है। मुलाकात के दौरान प्रीतम सिंह ने यह भी कहा कि नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत जुडे नये क्षेत्रों में व्यावसायिक एवं आवासीय भवन कर लगाया गया है जो कि जनहित में न्यायोचित नहीं है। यही नहीं नगर निगम क्षेत्र में विभाग द्वारा आवासीय एवं व्यावसायिक भवन कर में की गई वृद्धि में कई प्रकार की त्रुटियां पाई गई है जिसमें नगर निगम द्वारा व्यावसायिक भवनों में पार्किंग स्थलों पर टैक्स लगाया गया है जो कि न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि महानगर में पार्किंग की अत्यधिक कमी होने के कारण मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा भी इसमें छूट दी गई है तथा पार्किंग एरिया को कवर्ड एरिया नहीं माना गया है। उसके बावजूद कामर्शियल टैक्स लगाया गया है जिसे वापस लिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ई रिक्शा के बारे में वो भी चिंतित हैं और इस विषय का समाधान जल्द करेंगे।

## न्यूज डायरी

### कैमिकल इंडस्ट्रियल आपदा कॉर्डिनेशन एवं प्रिपेयर्डनेस कार्यशाला आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। सचिवालय सभागार में राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा कैमिकल इंडस्ट्रियल आपदा के परिपेक्ष्य में कॉर्डिनेशन एवं प्रिपेयर्डनेस विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 12 फरवरी को होने वाली मॉक अभ्यास से पूर्व तैयारी के लिए आयोजित की गई। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तराखण्ड के इंडस्ट्रियल इलाकों वाले जनपद यथा देहरादून, ऊधमसिंहनगर, हरिद्वार को 12 फरवरी से पूर्व मॉक कैमिकल आपदा अभ्यास में आपदा से निपटने हेतु वांछित तैयारियां करने के निर्देश दिये गए, ताकि किसी भी इंडस्ट्रियल आपदा के समय राज्य, जिले एवं उद्योग इकाईयां तत्पर रहें।

### मैक्स हॉस्पिटल ने "कैंसर अवेयरनेस वॉकेथॉन" का किया आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए मैक्स अस्पताल, देहरादून ने आज शहर में कैंसर अवेयरनेस वॉकेथॉन नाम से पैदल सैर की मेजबानी की। गांधी पार्क से शुरू हुई दो किलोमीटर की पैदल यात्रा में विभिन्न आयु वर्गों के 400 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इनमें शामिल वरिष्ठ नागरिकों, परिवारों, कैंसर सरवाइवरों, कॉलेज और स्कूली छात्रों ने स्वस्थ जीवनशैली की ओर कदम बढ़ाते हुए विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर के बारे में जागरूकता पैदा की। कैंसर अवेयरनेस वॉकेथॉन को मुख्य अतिथि सुनील उनियाल गामा महापौर देहरादून के साथ–साथ अतिथि एसपी ट्रैफिक पुलिस ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### "जनपद में 97.19 प्रतिशत् रहा पल्स पोलियो कवरेज"

**संवाददाता** देहरादून। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ उत्तम सिंह चौहान ने अवगत कराया है कि 19 से 25 जनवरी 2020 तक जनपद में सम्पन्न हुए राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम का जनपद में कवरेज 97.19 प्रतिशत् रहा। 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम चकराता और कालसी विकासखण्ड में 19 से 21 जनवरी तक सम्पन्न किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के हड़ताल पर होने के चलते भी पल्स पोलियो कार्यक्रम को सफलता से संचालित करवाने के चलते मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मीनाक्षी जोशी और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ उत्तम सिंह चौहान ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और टीम के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## दून में भारत रंग महोत्सव 6 से 12 फरवरी तक

**आयोजन**

देहरदून। **संवाददाता**

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) की ओर से आयोजित 21वें भारत रंग महोत्सव (बीएमआर) के समानांतर आयोजन के तौर पर नाट्य महोत्सव का आयोजन देहरादून में पहली बार होने जा रहा है। यह आयोजन उत्तराखंड सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से हो रहा है। सात दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव की शुरूआत 6 फरवरी से होगी और यह 12 फरवरी तक चलेगा। भारत रंग महोत्सव, 2020 के समानांतरण संस्करणों का आयोजन देहरादून के अलावा



पत्रकार वार्ता में रंग महोत्सव के आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए आयोजक।

दिल्ली, शिलांग, नागपुर, विल्लुपुरम और पुंडुचेरी में भी हो रहा है।

संस्कृति निदेशालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्कृति विभाग की निदेशक बीना भट्ट और एनएसडी के प्रमुख (टीआईई) अब्दुल लतीफ खताना ने बताया कि इस महोत्सव का उद्घाटन 6 फरवरी को शाम 6.00 बजे न्यू ऑडिटोरियम में संस्कृति विभाग में किया जाएगा। उद्घाटन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत व पर्यटन मंत्री सातपाल महाराज करेंगे। समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर प्रसिद्ध कवि एवं पत्रकार लीलाधर जगुड़ी और प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं सिनेमा अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी भी शामिल होंगी। उद्घाटन समारोह के बाद महाकवि भास द्वारा लिखित नाटक चारूदत्ता का भव्य प्रदर्शन होगा जिसका निर्देशन भूपेश जोशी ने किया है।

## कोरोना वायरस को लेकर सरकार के सुस्त इंतजामात को लेकर चिंता व्यक्त की




कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता गरीमा दसौनी।

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने राज्य सरकार की कोरोना वायरस को लेकर सुस्त इंतजामात को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा इस महामारी से लड़ने के इंतजाम नाकाफी हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपेक्षा करते हुए कहा कि तुरंत इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आपातकालीन बैठक बुलाई जानी चाहिए वह सभी जिलों के अस्पतालों में पुख्ता इंतजाम किए जाने की जरूरत है।

## महिलाओं के लिए बड़ी राहत, अब व्हट्सएप मैसेज से मिलेगी तुरंत पुलिस सहायता

**संवाददाता** देहरादून। महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा को लेकर उत्तराखण्ड पुलिस ने एक और पुख्ता कदम उठाया गया है। अशोक कुमार, महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, उत्तराखण्ड के निर्देशन में पुलिस मुख्यालय में स्थापित महिला सुरक्षा सेल में महिला व्हट्सएप हेल्पलाइन सेवा शुरू की गयी है। अशोक कुमार ने बताया कि महिला व्हट्सएप हेल्पलाइन सेवा में महिला, युवती व छात्राएं मोबाइल नम्बर 9411112780 पर व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इस नम्बर पर कोई भी घटना और समस्या से संबंधित मैसेज (संदेश), फोटो या वीडियो व्हट्सएप के जरिए पुलिस मुख्यालय में स्थापित महिला सुरक्षा सेल को भेज सकती हैं। महिला सुरक्षा सेल में तैनात पुलिस अधिकारी व्हट्सएप पर आए संदेश पर पीड़ित महिला से संबंधित जनपद में जानकारी देगी, जिस पर जनपद के संबंधित थाने की ओर से अविलम्ब कार्यवाही की जाएगी। इससे महिलाएं और छात्राएं अपने साथ होने वाली छेड़छाड़ और घटना का वीडियो, फोटो और मैसेज पुलिस को भेज सकेंगी।

## यूथ फाउंडेशन को सोशल मीडिया में मिला ब्लू टिक

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य के कई जिलों में यूथ फाउंडेशन द्वारा सेना में भर्ती होने के लिए निशुल्क शिविर चलाये जाते हैं जो आज पहाड़ के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा हैं। यूथ फाउंडेशन कर्नल अजय कोठियाल (रि), कीर्ति चक्र, शौर्य चक्र, विशिष्ट सेना मैडल, द्वारा चलाया जा रहा है। बीते सात सालों से भारतीय फौज में भर्ती हेतू प्रशिक्षण के लिए गढ़वाल व कुमाऊँ में फिजिकल कैम्प लगाये जाते रहें हैं और अब लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए भी निशुल्क कैम्प लगाये जाते हैं।

यूथ फाउंडेशन में प्रशिक्षण पा रहे युवा, ट्रेनिंग के साथ–साथ खेल ,सामाजिक कार्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेते रहते हैं। यह सारे आयोजन यूथ फाउंडेशन अपने सोशल मीडिया पेजों पर भी पोस्ट करता रहता है। यूथ फाउंडेशन कैम्पस से जुडी सारी जानकारी भी उत्तराखण्ड के युवा, फेसबुक पेज से प्राप्त कर सकते हैं। सोशल मीडिया में भी यूथ फाउंडेशन के डेढ़ लाख के करीब फोलोवेर्स है, और हर पोस्ट पर औसतन डेढ़ हजार से दो हजार लाईक आते हैं। यूथ फाउंडेशन की लोकप्रियता को देखते हुए, फेसबुक ने इस पेज को ब्लू टिक दिया है।



प्रशिक्षणार्थी छात्राओं से मुलाकात करते यूथ फाउंडेशन के कर्नल कोठियाल।